आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–07 अक्टूबर 2023 **सान्ध्य समाचार**

चीन के हांगचोओ में हो रहे एशियाई खेलों में शुरुआती 13 दिन में 95 पदक हासिल करने वाले भारत ने 14वें दिन 100 का जादुई आंकड़ा छुआ और पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। एशियाई खेलों के इतिहास में भारत ने पहली बार पदकों का शतक लगाया है। भारत की झोली में आज सुबह पांच पदक आए। कंपांउड तीरंदाजी में ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवतले ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, महिला कबड्डी टीम भी स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में इस एतिहासिक प्रदर्शन के लिये भारतीय एथलीटों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह एशियाई खेलों में भारत के लिए एक यादगार उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि 100 पदकों की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर हर देशवासी रोमांचित है। उन्होंने कहा कि हर असाधारण प्रदर्शन ने इतिहास रचा है और भारतीयों में गर्व की भावना पैदा की है। श्री मोदी ने कहा कि वे एशियाई खेल में शामिल भारतीय दल से मंगलवार को मुलाकात करेंगे।

उधर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी भारतीय खिलाडियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाडियों ने पूरी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया और देश को उन पर गर्व है।

****

सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बसों के ढाचें के निर्माण के लिए मानकों को मंजूरी दे दी है। ये मानक मूल उपकरण निर्माताओं और बस ढांचा बिल्डरों दोनों पर समान रूप से लागू होंगे। श्री गडकरी ने कहा कि यह कदम भारत में बसों की गुणवत्ता में और सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसमें यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने पर प्राथमिक ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस कदम की सख्त जरूरत है।

****

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि त्वरित कार्रवाई बल– आरएएफ, कानून–व्यवस्था की स्थिति से निपटने की अपनी अनूठी ताकत और योग्यता के कारण एक बेहतरीन बल बन गया है। श्री राय ने आज नई दिल्ली में बल के 31वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि देश–विदेश से प्राप्त कड़े प्रशिक्षण की बदौलत आरएएफ भीड़ और दंगों से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि आरएएफ ने जम्मू कश्मीर, मणिपुर और नूंह में हिंसा, घटनाओं से निपटने में अपनी कुशलता का परिचय दिया है।

****

वाराणसी में अपने छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए विकास और उत्कृष्टता के_नए रास्ते खोलने के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार जैन और आईआईटी–मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के बीच औपचारिक बातचीत और सहयोग की सुविधा प्रदान करेगा। इस समझौता ज्ञापन की शर्तों के अनुसार दोनों संस्थान शोध का आदान–प्रदान कर सकेंगे। एक दूसरे की अनुसंधानिक गतिविधियों में मदद करेंगे। यह समझौता ज्ञापन संकाय सदस्यों को दूसरे संस्थान में रहने और अनुसंधान करने की सुविधा भी प्रदान करेगा।

****

प्रदेश सरकार वाराणसी में मंदिर के स्वरूप में एक और भवन का निर्माण कराने जा रही है। इस बिल्डिंग में एकीकृत मंडलीय कार्यालय होगा। कॉरपोरेट कार्यालय की तर्ज पर यह अत्याधुनिक बिल्डिंग कमिश्नरी परिसर में प्रस्तावित है। सरकारी कार्यालयों के साथ ही भवन में कुछ आवश्यक व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भी जगह होगी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बताया कि क़रीब छह दशमलव पांच एकड़ में 10–10 मंज़िल का टावर प्रस्तावित है। भवन में मंडलीय स्तर के लगभग उन्सठ कार्यालय होंगे।

****

भारतीय वायु सेना कल यानी आठ अक्टूबर को अपनी इक्यानबेवीं वर्षगांठ मनायेगी। प्रयागराज में वायुसेना ने कल एक फुल ड्रेस रिहर्सल की। परेड केन्द्रीय वायु कमान मुख्यालय बमरौली में आयोजित की गई और संगम क्षेत्र में आयुध डिपो किले के आसपास एयर शो का आयोजन किया गया। रिहल्सल के दौरान आठ हजार फिट की ऊचाई से ए 32 विमान से दस पैरा जम्पर्स उतरे।

****

पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर–लखनऊ रेलमार्ग पर सात से पच्चीस अक्टूबर तक विभिन्न तिथियों में बावन ट्रेनें निरस्त रहेंगी और तेइस ट्रेनों को मनकापुर–अयोध्या–बाराबंकी के रेलमार्ग से चलाया जाएगा। नौ ट्रेनें विलम्बित होंगी और छः रास्ते में रोक कर चलायी जायेंगी। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी के अनुसार बुढ़वल–सुढ़िया मऊ स्टेशन के बीच रेल लाइनों के दोहरीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। दोहरी लाइन को चालू करने के लिये सात से पन्द्रह अक्टूबर तक प्री–नॉन इण्टरलॉकिंग और सोरह से उन्नीस अक्टूबर तक नॉन इण्टरलॉकिंग की जायेगीं।

****